<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 13.07.2024 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1- केन्द्र सरकार ने हर वर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का किया फैसला, प्रधानमंत्री ने कहा–आपातकाल को भुलाया नहीं जा सकता।

2- केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड में जल जीवन मिशन और गरीब कल्याण अन्न योजना में अनियमितता का लगाया आरोप, कहा–भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रही है राज्य सरकार।

3- पश्चिमी सिंहभूम के गुवा लौह अयस्क खदान के मजदूरों और सेल प्रबंधन की बीच वार्ता के बाद अनिश्चितकालीन स्लो डाउन आंदोलन खत्म, उत्पादन शुरु।

4- रांची समेत राज्यभर में राष्ट्रीय लोक अदालत शुरु, सुलह–समझौतों के आधार पर 10 लाख मामलों के निष्पादन का लक्ष्य।

5- मौसम विभाग ने रांची, लोहरदगा और पश्चिमी सिंहभूम समेत 10 जिलों के लिए जारी की भारी बारिश की चेतावनी।

****

केन्द्र सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है। इस दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वर्ष 1975 में देश में आपातकाल लगाया था। इस संबंध में सरकार ने अधिसूचना जारी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह दिवस उन घटनाओं का स्मरण कराएगा, जब भारत के संविधान को रौंदा गया था। श्री मोदी ने कहा कि यह दिन हर उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, जिसने आपातकाल की ज्यादतियों को सहा था। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि जनता 25 जून 1975 की रात कभी नहीं भूल सकती, जब संविधान की हत्या की गई थी।

****

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड में जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में अनियमितता का आरोप लगाया है। गिरिडीह में आकाशवाणी से बातचीत करते हुए उन्होंने जल जीवन मिशन के साथ–साथ पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के क्रियान्वयन में भी गड़बड़ी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केन्द्रीय योजनाओं में हो रही गड़बड़ियों को रोकने में विफल साबित हो रही है। केन्द्रीय मंत्री ने पूरे मामले की जांच कराने की भी बात कही।

****

राज्यसभा सदस्य और भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत बाजपेई ने वाराणसी से रांची तक चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के पारसनाथ स्टेशन पर ठहराव की मांग रेल मंत्री से की है। उन्होंने रेल मंत्री से अप और डाउन दोनों ट्रेनों के ठहराव की मांग की है।

****

राज्य में मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना एक बार फिर शुरु की गयी है। आज हटिया रेलवे स्टेशन से 820 ईसाई धर्मावलंबियों के जत्थे को गोवा के लिए रवाना किया गया। इससे पहले बोकारो जिले के 69 ईसाई धर्मावलंबियों को जिले के उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद और खेल पदाधिकारी हेमलता बून ने बस से रांची के हटिया स्टेशन के लिए रवाना किया।

****

रामगढ़ जिले के किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

<u>वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।</u>

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुवा लौह अयस्क खदान में भारतीय इस्पात प्राधिकरण, सेल प्रबंधन और मजदूर संगठनों के बीच 5 घंटे तक चली लंबी वार्ता के बाद जुलाई से जारी अनिश्चितकालिन स्लो डाउन आंदोलन खत्म हो गया है। समझौते के बाद गुवा खदान में आम दिनों की तरह उत्पादन कार्य प्रारम्भ कर दिया गया

****

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूर्वी सिंहभूम जिले में वोटर जागरुकता रथ रवाना किया गया। मौके पर उपायुक्त अनन्य मित्तल ने कहा कि लोगों को मताधिकार के लिए प्रेरित करने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किये जा रहे हैं।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर की अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 10 लाख मामलों के निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

****

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी दिल्ली और प्रसार भारती आज से दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में दो दिन के रोबोट प्रतिस्पर्धा डीडी रोबोकॉन इंडिया–2024 का आयोजन करेंगे।

****

बोकारो के जोनल आईजी माइकल राज एस और हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर ने चतरा जिले में आपराधिक और उग्रवादी घटनाओं की समीक्षा की। दोनों अधिकारियों ने जिले के पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक में आपातकालीन पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 के प्रचार प्रसार पर जोर दिया।

****

गोड्डा जिले में पुलिस ने एक नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जेपीएन चौधरी ने बताया कि तीन दिन पहले नाबालिग के परिजनों ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था।

****

लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र में स्वर्ण व्यवसायी संदीप सोनी की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने बताया कि 40 हजार रुपये की लेन–देन हत्या की मुख्य वजह बनी।

****

राज्य में मानसून फिर से सक्रिय है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने आज रांची, पश्चिमी सिंहभूम और गुमला समेत 10 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान वज्रपात की भी संभावना व्यक्त की गयी है।

*****समाप्त***********